BRAMPTON

Feature Story

11 दिसम्बर, 2020

# सिटी का प्लो ट्रैकर, सर्दी में सुरक्षित रूप से ट्रैवल प्लान करने में निवासियों की मदद करता है

सर्दी के मौसम के लिए तैयार रहना एक टीम प्रयास है और हर वर्ष, पूरी सिटी का स्टाफ, रास्ते से स्नो हटाने के लिए प्रतिबद्ध है। जब आप स्नो हटाने संबंधी सभी कामों के बारे में सोचते हैं, तो शायद आपके मन में हमारी प्रतिबद्ध पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग (Public Works and Engineering), सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) और बाइ-लॉ एन्फोर्समेंट (By-law Enforcement) टीमों का ही ख्याल आता है, हालांकि पर्दे के पीछे इकट्ठे काम करने वाले कई और विभाग भी हैं, जो ब्रैम्पटन में सबके लिए सीजन को अधिक सुरक्षित बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं।

पिछले वर्ष, सिटी ने www.brampton.ca/snow पर अपने प्लो ट्रैकर (Plow Tracker) की शुरूआत की है। यह पब्लिक वर्क्स (Public Works), डिजिटल इनोवेशन (Digital Innovation), आई.टी. (IT) और सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) का एक प्रयास है। प्लो ट्रैकर से निवासी यह देख सकते हैं कि कर्मीदलों ने कौन-सी सड़कों और साइडवॉक्स से, रियल टाइम में स्नो हटा दी है। इस वर्ष, प्लो ट्रैकर को, Google Play (गूगल प्ले) या ऐप स्टोर (App Store) पर उपलब्ध, 311 मोबाइल ऐप पर भी ढूंढा जा सकता है। इस टूल का उपयोग करके, निवासी स्नो हटाने की प्रगति, सड़क संबंधी प्राथमिकताएं देख सकते हैं और जान सकते हैं कि उनके आसपास स्नो हटाने वाली मशीन आई है या नहीं।

सिटी के चीफ इन्फर्मेशन अफ़सर, कुमानन गोपालासैमी (Kumanan Gopalasamy) ने बताया, "प्लो ट्रैकर, सुलभ, उपयोगकर्ता-अनुकूलित मोबाइल ऐप्लिकेशन में, हमारे सर्दी के बड़े ऑपरेशन पेश करता है।" उन्होंने आगे कहा, निवासी और कारोबारी, 311 ऐप डाउनलोड करके प्लो ट्रैकर टूल का उपयोग कर सकते हैं और अलग-अलग स्नो ऑपरेशंस की स्थिति देखने के साथ-साथ, जरूरत होने पर, कार्रवाई के लिए सेवा निवेदन भी पेश कर सकते हैं। ड्राईवरों के लिए एक फायदा यह है कि वे, भारी स्नोफॉल के बाद यह देख सकते हैं कि कौन-सी सड़कों से पहले ही स्नो हटा दी गई है, ताकि वे अपनी रोज़ाना के ट्रैवल को बेहतर ढंग से प्लान कर पाएं।"

9 दिसम्बर को, सिटी ने एक वीडियो (video) पेश किया था, जिसमें सिटी द्वारा स्नो फ्लीट ट्रैकिंग और एक कॉन्फरेंस, टेक्निसिटी (Technicity) में किए जा रहे मज़बूत प्रयासों के बारे में विवरण दिए गए थे। इस कॉन्फरेंस में, टोरोंटो एरिया (Toronto Area) की म्युनिसिपल्टीज में उपयोग की जाने वाली, नवीन डिजिटल कार्यनीतियों और टूल्स की पड़ताल की गई, ताकि टैक्स देने वालों के साथ बातचीत के तरीके में सुधार करते हुए, अंदरूनी तौर पर प्रभाविकता, सहयोग और सुरक्षा को संचालित किया जा सके।

सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10 और चेयर, कार्पोरेट सर्विसिज, हरकीरत सिंह (Harkirat Singh) ने कहा, "ब्रैम्पटन एक अच्छी तरह संचालित शहर है। हम हमारे निवासियों के लिए, रोजमर्रा के ऑपरेशंस और सेवा डिलीवरी में लगातार सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" उन्होंने आगे कहा, "प्लो ट्रैकर, ब्रैम्पटन के निवासियों को लोकल स्नो ऑपरेशंस की स्थिति के बारे में सूचना देता रहता है। इससे वे स्नो गिरने के दौरान अपने ट्रैवल को सुरक्षित ढंग से प्लान कर सकते हैं।"

ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) और स्टाफ, हर सर्दी ब्रैम्पटन को सुरक्षित रखने के लिए, दिन-रात सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने का प्रयास करता है। वह, सीजन को सभी के लिए अधिक आनंददायक बनाने के लिए, ऑपरेशंस में सुधार करने के लिए लगातार काम कर रहा है।

रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5 और चेयर, पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग, पॉल विसेंट (Paul Vicente) ने कहा, "सिटी में हमारे सबसे बड़े ऑपरेशंस में से एक है, सर्दी की घटनाओं के लिए काम करना। हम सीजन को, हमारे निवासियों के लिए सुरक्षित और आनंददायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सालाना तौर पर, 3,986 लेन किलोमीटर सड़कें, 2,462 ट्रांज़िट स्टॉप्स और 979 किलोमीटर साइडवॉक्स/वॉकवेज की संभाल करते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "जब हर कोई हमारे समुदाय को सर्दियों के मौसम के लिए तैयार रखने में अपनी भूमिका निभाता है, तो हम सभी सुरक्षित रूप से अपनी मंज़िल पर पहुंच सकते हैं। इसमें निवासी भी शामिल हैं, जिन्हें हम स्नोफॉल्स के दौरान, सड़कों से वाहन हटाने और उनकी रिहायशी साइडवॉक्स से स्नो हटाने के लिए कहते हैं।"

ब्रैम्पटन में स्नो के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/snow पर जाएं और 311 ऐप डाउनलोड करने के लिए, Google Play पर या अपनी डिवाइस से ऐप स्टोर पर जाएं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca